1 मेरा देश महान

• कविता •

हिमगिरि	मुकुट	प्रहरी	ऋतुएँ	हिंदुस्तान	संदेश
गुणवान	रक्षक	मस्जिद	गुरुद्वारा	शान	महान

उत्तर में खड़ा हिमगिरि, वह
मुकुट है मेरे भारत का।
युगों-युगों से प्रहरी वह,
रक्षक है मेरे भारत का।
गंगा-यमुना पावन नदियाँ,
भारत की पहचान हैं।
मेरा देश महान है।।

ऋतुएँ आकर बारी-बारी,
अपनी-अपनी छटा दिखाती।
नदियाँ इसको सींच-सींचकर,
हरा-भरा हैं खूब बनातीं।
बड़ा निराला, कितना सुंदर
मेरा हिंदुस्तान है।
मेरा देश महान है।।

पूरे विश्व में पहुँचाया,
वेदों का पावन संदेश।
यहीं दिया था श्रीकृष्ण ने,
अर्जुन को गीता-उपदेश।
दुनिया भर ने इस भारत का,
किया सदा गुणगान है।
मेरा देश महान है।।

शिक्षण संकेत

• इस कविता को पढ़ाते समय भारत की प्राकृतिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक विशेषताओं की चर्चा कीजिए। भारतीय संस्कृति की 'अनेकता में एकता' विशेषता पर बल दीजिए तथा बच्चों में देशभक्ति तथा अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना जाग्रत कीजिए।

भारत में हैं धर्म अनेक,
सबको एक समान बताया।
'जियो और जीने दो सबको',
भारत ने सबको सिखलाया।
मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे सब,
इस भारत की शान हैं।
मेरा देश महान है।।

शब्दकोश

हिमगिरि – हिमालय पर्वत। **प्रहरी** – पहरेदार। **रक्षक** – रक्षा करने वाला। **पावन** – पवित्र। **बारी-बारी** – एक-एक करके। **छटा** – सुंदरता। **निराला** – अनोखा। **गुणगान** – बड़ाई करना। **समान** – बराबर। **शान** – गौरव। **महान** – बड़ा।

विशेष : मानक वर्तनी के प्राचीन एवं नवीन रूप

उत्तर – उत्तर	गङ्गा – गंगा	महान् – महान	सुन्दर – सुंदर
हिन्दुस्तान – हिंदुस्तान	सन्देश – संदेश	मन्दिर – मंदिर	गुरुद्वारा – गुरुद्वारा

समग्र एवं सतत अभ्यास Summative and Formative Assessment CCE Based

पाठ बोध

1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए: समेटिव असेसमेंट

क. कवि ने हिमालय को भारत का मुकुट क्यों कहा है? ______________________

____

ख. कवि ने भारत की शान किन्हें कहा है? ______________________

____

ग. दुनिया भर के लोगों ने भारत का गुणगान क्यों किया है? ______________________

____

2. सही उत्तर के आगे ✓ लगाइए:

क. भारत के उत्तर में कौन-सा पर्वत है?	हिमालय ☐	अरावली ☐
ख. हिमालय से कौन-सी दो पवित्र नदियाँ निकलती हैं?	अलकनंदा-भागीरथी ☐	गंगा-यमुना ☐
ग. भारत को हरा-भरा बनाने में किसका योगदान है?	पर्वतों का ☐	नदियों का ☐

MCQs

3. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए:

क. ऋतुएँ आकर बारी-बारी,
अपनी ____________।
____________-सींचकर,
हरा-भरा ____________।

ख. भारत ____________,
____________ बताया।
____________;
भारत ने ____________।

भाषा एवं व्याकरण

1. विलोम शब्द लिखिए:

उत्तर × ________ रक्षक × ________ पावन × ________ देश × ________

2. तुक मिलते शब्द लिखिए:

पहचान ________ दिखाती ________ संदेश ________ बताया ________

3. समान अर्थ वाले शब्द पर ✓ लगाइए:

पर्वत ➤	चट्टान ☐	गिरि ☐	पत्थर ☐
नदी ➤	जाह्नवी ☐	कालिंदी ☐	सरिता ☐
विश्व ➤	दुनिया ☐	गृह ☐	संसार ☐

MCQs

रचनात्मक अभ्यास

1. मौखिक उत्तर दीजिए: फॉरमेटिव असेसमेंट

क. भारत का प्रहरी किसे कहा गया है?

ख. ऋतुएँ बारी-बारी से आकर क्या करती हैं?

ग. भारत ने सबको क्या सिखलाया है?

घ. शुद्ध उच्चारण कीजिए:
हिमगिरि प्रहरी रक्षक ऋतुएँ संदेश मस्जिद

2. इस कविता को कंठस्थ कीजिए और बाल सभा में दो-तीन बच्चों के संग मिलकर गाइए।

3. हिमालय का चित्र बनाकर कक्षा में लगाइए।